प्रेस प्रकाशनी **PRESS RELEASE**

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001

Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

7 दिसंबर 2024

आरबीआई90क्विज़ - राष्ट्रीय स्तर पर फाइनल

भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के एक भाग के रूप में, 20 अगस्त 2024 को पूर्वस्नातक कॉलेज छात्रों के लिए ***आरबीआई90क्विज़*** नामक एक राष्ट्रव्यापी क्विज़ का शुभारंभ किया गया था। इस क्विज़ के प्रति व्यापक रुचि देखी गई तथा देश के 734 जिलों के 13,961 कॉलेज के 1,58,206 छात्रों ने इसमें भाग लिया।

बहु-स्तरीय टीम आधारित प्रतियोगिता, जिसकी शुरुआत सितंबर 2024 में ऑनलाइन चयन राउंड से हुई थी, उसके बाद राज्य और क्षेत्रीय स्तर के राउंड हुए तथा राष्ट्रीय स्तर पर फाइनल के साथ इसका समापन हुआ, जिसका आयोजन 6 दिसंबर 2024 को मुंबई में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री स्वामीनाथन जे., उप गवर्नर ने युवाओं के लिए वित्तीय साक्षरता के महत्व को रेखांकित किया ताकि वे सूचित वित्तीय निर्णय ले सकें और उनसे वित्तीय जागरूकता को बढ़ावा देने का आग्रह किया, विशेषतया साइबर धोखाधड़ी के विरुद्ध सुरक्षा उपायों पर। उन्होंने वित्तीय आयोजना, वित्तीय आघात-सहनीयता और वित्तीय अनुशासन के महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने देश में युवा पीढ़ी के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला।

एक बेहद प्रतिस्पर्धी और रोमांचक प्रतियोगिता में, जिसके साक्षी दर्शक के रूप में कॉलेज के विद्यार्थी और रिज़र्व बैंक के शीर्ष प्रबंधन बने, उस्मानिया मेडिकल कॉलेज, हैदराबाद, तेलंगाना की टीम, जिसमें सैयद मोहम्मद हाशमी और हुसैन अहमद शामिल थे, विजेता बनी। गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, गांधीनगर, गुजरात और नेताजी सुभाष महाविद्यालय, त्रिपुरा की टीमों ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। शीर्ष तीन टीमों ने ट्रॉफी और प्रमाण पत्र के अलावा क्रमशः ₹10 लाख, ₹8 लाख और ₹6 लाख के पुरस्कार जीते।

श्री शक्तिकान्त दास, गवर्नर तथा श्री टी. रबी शंकर और श्री स्वामीनाथन जे., उप गवर्नर ने पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/1659